**अव्यवस्था** खंडहर बना दूरभाष केंद्र, जहां कभी गूंजती थी फोन की घंटियां अब पसरा है सन्नाटा

# अपनों की सुध लेने वाला विभाग खुद हुआ बेसुध

**नवभारत/नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा।** तहसील मुख्यालय में लाखों रुपए खर्च करके बीएसएनएल ऑफिस निर्माण कराया गया था। विभागीय उदासीनता के चलते भवन जीर्ण-शीर्ण खंडहर स्थिति में तब्दील होता चला जा रहा है। पिछले डेढ़ दशक तक तो इस भवन की परवरिश होती रही लेकिन अब वर्षों से इस भवन का उचित रखरखाव ना होने के कारण दीवारों पर उखड़ता प्लास्टर और जंग खाती शटरें सरकारी पैसे की बर्बादी की दास्तां बयां कर रहा है।

इतना ही नहीं इस भवन के साथ इसी परिसर में आवासीय भवन में गंभीर स्थिति में पहुंचते चले जा रहे हैं और अनैतिक गतिविधियों के अड्डे बनते चले जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मुख्य मार्ग के किनारे स्थित इस भवन की विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी कोई उचित व्यवस्था नहीं की है। यदि इस भवन को दूर संचार विभाग यदि उपयोग नहीं कर पा रहा है तो नगर में और भी शासकीय कार्यालय हैं जो किराये के भवन लेकर सरकारी धन का दोहन कर रहे हैं। इसी भवन को यदि किराये पर ले लिया जाये तो राजस्व की आवक और भवन का उचित रखरखाव होता रहेगा।




### संसाधनों की हो रही बर्बादी

क्षेत्र के युवाओं का कहना है कि एक तरफ जहाँ निजी कंपनियाँ नेटवर्क के नाम पर मनमाने दाम वसूल रही हैं। वहीं सरकारी नेटवर्क का बुनियादी ढांचा होने के बावजूद जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। विभाग ने ना तो इस ऑफिस को अपग्रेड करने की जहमत उठाई और न ही इसकी सुरक्षा की। अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह वेशकीमती इमारत पूरी तरह जमींदोज हो जाएगी। भवन के साथ-साथ अंदर रखी लाखों रुपए मूल्य की मशीनरी और केबिल भी खराब हो रही है। पूर्व में भवन में रखी कुछ सामग्री बेटरी बगैरह भी चोरी जाने या किसी के द्वारा बेच दिये जाने संबंधी जानकारी भी सामने आई थी लेकिन विभागीय स्तर पर आज तक कोई उचित पहल नहीं हो सकी है।

### असामाजिक तत्वों की आवाजाही

सुनसान और बंद होने के कारण परिसर में असामाजिक तत्वों की आवाजाही का डर बना रहता है। आवासीय परिसर भी जा सकते हैं किराये पर यहां पर एक और विषय सामने यहां पर यह देखने को मिलता है कि भवन के साथ परिसर में आवास भी सर्व सुविधायुक्त बनें हुए हैं। इनमें शासकीय कर्मचारियों को रियायत दरों पर किराए से आवास मुहैया कराई जा सकती है। आवास के साथ साथ पार्किंग सुविधा भी है और बाउंड्री वॉल भी।

### इनका कहना है

भवन के साथ साथ बाउंड्री वॉल भी जर्जर हो चुकी है मेंटेनेंस के लिए उसका प्रस्ताव भेजा हुआ है। जहां जहां बी एस एन एल की सेवाएं बंद पड़ी हुई है वहां के भवनों को किराए पर देने की योजना है यदि कोई शासकीय विभाग या निजी क्षेत्र की संस्थायें बी एस एन एल की शर्तों पर रेंट पर लेता है तो संपर्क कर सकते हैं।

**-विश्वजीत वश्क**
आपरेशन एरिया अधिकारी
बी एस एन एल नरसिंहपुर

## मां एक ऐसा शब्द है जो शब्द नहीं पूरी दुनिया होती है : वर्षा जैन

**नवभारत/ गोटेगांव** विगत दिवस मातृ दिवस पर अखिल भारतीय दिगंबर महिला परिषद यशोदा संभाग श्री पार्श्वनाथ शाखा गोटेगांव द्वारा आचार्य ज्ञानसागर पाठशाला की बहनों के साथ मिलकर मातृ दिवस मनाया गया । मातृ दिवस कार्यक्रम की शुरुवात आचार्य श्री के चित्र के समक्ष किया गया जो महिला परिषद की कार्यकारणी की बहनों द्वारा करवाया गया इसके उपरांत मंगलाचरण अध्यक्ष शीतल जैन के द्वारा किया गया उसके बाद मां के ममत्व पर संभागीय अध्यक्ष वर्षा जैन द्वारा उद्बोधन दिया गया उसके बाद पाठशाला के बच्चों द्वारा कार्यक्रम किया गया जिसकी गिफ्ट महिला परिषद द्वारा वितरित की गई। महिला परिषद द्वारा ऑनलाइन मातृ दिवस पर प्रतियोगिता करवाई गई जिसका जजमेंट संभागीय अध्यक्ष वर्षा राजीव जैन अध्यक्ष शीतल अखिलेश जैन उपाध्यक्ष आरती राजकुमार जैन सचिव मोनिका सचिन जैन कोषाध्यक्ष मोना रिंकू जैन के द्वारा किया गया इस प्रतियोगिता में आयु के हिसाब से प्रतियोगिता को दो भागों में बांटा गया जिसमें प्रथम स्थान ,मुस्कान जैन प्रियल जैन द्वितीय स्थान शालु जैन आशी जैन तृतीयस्थान वैशाली जैन रिया जैन के साथ समस्त महिला मंडल की सराहनीय उपस्थिति रही।

# गोटेगांव में ओव्हरनाइट एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग

**नवभारत/ गोटेगांव। क्षेत्रीय विद्यार्थियों एवं नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर सोमवार 11 मई को जागृति कमेटी गोटेगांव द्वारा क्षेत्रीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के गोटेगांव प्रवास के दौरान एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जबलपुर से इंदौर के बीच संचालित ओव्हरनाइट एक्सप्रेस ट्रेन का श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज दिए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।**

ज्ञापन में बताया गया कि गोटेगांव क्षेत्र के लगभग 5000 विद्यार्थी उच्च शिक्षा एवं कोचिंग के लिए इंदौर में अध्ययनरत हैं। इसके अतिरिक्त धूमा, चरगंवा सहित आसपास के अंतरजिला क्षेत्रों के विद्यार्थी भी श्रीधाम रेलवे स्टेशन का उपयोग करते हैं। ऐसे में ओव्हरनाइट एक्सप्रेस का श्रीधाम स्टेशन पर ठहराव विद्यार्थियों एवं यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। जागृति कमेटी के सदस्यों ने सांसद को अवगत कराया कि पिछले दो वर्षों से इस मांग को लेकर रेलवे के उच्च अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से लगातार पत्राचार किया जा रहा है। क्षेत्रीय नागरिकों ने कहा कि यह ट्रेन केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा विषय है, क्योंकि बड़ी संख्या में छात्रों को शैक्षणिक कार्य हेतु नियमित रूप से इंदौर आना-जाना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए कहा कि ट्रेन के स्टॉपेज से उनका समय बचेगा तथा आवागमन अधिक सहज और सुरक्षित हो सकेगा। विशेष रूप से इंदौर में अध्ययनरत क्षेत्र की सैकड़ों छात्राओं के लिए यह सुविधा अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। इस अवसर पर सर्वश्री मुकेश चौकसे, पंकज चौकसे, संतोष दुबे, जगदीश श्रीवास, मुन्नालाल पटेल, राजेंद्र बिलवार, सतीश अग्रवाल, विजय पटेल, मुकुल राजपूत, राजेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अजय सोनी, संतोष चौधरी, शरद अग्रवाल, डॉ. हिमांशु शुक्ला, मोनू पटेल, ओम दुबे एवं रानू सेन सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि गोटेगांव क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण मांग को रेल मंत्रालय तक पहुंचाया जा चुका है तथा शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही की उम्मीद है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगामी दिल्ली प्रवास के दौरान वे पुनः इस विषय को माननीय रेल मंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व पार्षद सतीश अग्रवाल के छोटे भाई आशीष अग्रवाल (पत्रकार) के निधन उपरांत, श्रद्धांजलि हेतु अग्रवाल परिवार मुरलीधर वार्ड में पहुंचे थे।





## धता दिखाते परिवहन विभाग को बस संचालक, सड़कों पर दौड़ रही खटारा बसें

**नवभारत/गोटेगांव।** बीते लंबे समय से नगर में इस समय परिवहन विभाग की उदासीनता और लापरवाही के चलते मौत बनकर सड़कों पर दौड़ रही खटारा यात्री बसे जबलपुर चरगवां मार्ग पर धड़ल्ले से चल रही हैं परिवहन विभाग को धता बताकर खुलेआम नियम विरुद्ध बेधड़क होकर बसों में सवारी ढोई जा रहीं हैं जबकि इन खटारा बसों से बस यात्री भी परेशान हो रहे हैं क्योंकि पूर्ण कराया देने के बावजूद भी इन खटारा बसों में अपनी जान हथेली पर रखकर अपनी यात्रा करने को मजबूर है संबंधित विभाग जब कोई अनहोनी या कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है तब प्रशासन और परिवहन विभाग इस ओर ध्यान देता है। दुर्घटना ना हो इसके लिए।

# बुलडोजर मोड में प्रशासन : गाडरवारा की सड़कों से मिट रहा अतिक्रमण का जाल

**नवभारत/ गाडरवारा।** शहर की सड़कों पर वर्षों से पसरे अवैध कब्जों पर अब प्रशासन का बुलडोजर लगातार गरज रहा है। एसडीएम कलावती व्यारे के नेतृत्व में नगर पालिका और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पलोटनगंज से पानी टंकी मार्ग, महावीर भवन, अस्पताल रोड और छीपा तिराहा तक प्रशासन की कार्रवाई ने उन लोगों में हड़कंप मचा दिया है जिन्होंने शासकीय जमीन और सड़क किनारे कब्जा जमा रखा था। कई जगहों पर बुलडोजर चलते ही लोगों ने खुद ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया। प्रशासन का साफ कहना है कि सड़कें जनता के लिए हैं, कब्जाधारियों के लिए नहीं। शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, जाम और अव्यवस्थित यातायात को देखते हुए अब किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। एसडीएम कलावती व्यारे ने दो टूक कहा कि कार्यवाही में किसी प्रकार का पक्षपात नहीं हो रहा। जिन लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा था, उन पर नियम अनुसार कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण हटने के बाद कई इलाकों में सड़कें पहले से ज्यादा चौड़ी दिखाई देने लगी हैं, जिससे आम लोगों ने राहत महसूस की है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि यह अभियान अभी रुकने वाला नहीं है और आने वाले दिनों में शहर के अन्य हिस्सों में भी बुलडोजर कार्यवाही जारी रहेगी।



## आकाश को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**साईखेड़ा।** नगर परिषद साईखेड़ा में पदस्थ युवा कर्मचारी आकाश राजपूत के आकस्मिक निधन पर नगर परिषद सभा कक्ष में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में नगर परिषद अध्यक्ष स्वाति सचिन अग्रवाल सहित उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, समस्त पार्षदगण, सीएमओ एवं नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान सभी ने दिवंगत आकाश राजपूत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उपस्थित वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में आकाश के सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा एवं कार्यों के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कम समय में अपनी मेहनत और व्यवहार से सभी के दिलों में विशेष स्थान बनाया था। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सचिन अग्रवाल ने कहा कि आकाश का असमय निधन नगर परिषद परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से समस्त नगर परिषद परिवार गहरे शोक में है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए कहा कि आकाश हमेशा सहयोगी भावना के साथ कार्य करते थे और उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। संचालन प्रफुल्ल दीक्षित ने किया।

### एक नजर में




## गाडरवारा शासकीय अस्पताल फिर सवालों के घेरे में

**नवभारत/ गाडरवारा।** शासकीय अस्पताल गाडरवारा में गर्भवती महिलाओं की जांच व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। महिलाओं और उनके परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में जांच के लिए नंबर लगवाने के बाद भी उन्हें सुबह से शाम तक इंतजार करना पड़ता है, लेकिन कई बार नंबर ही नहीं आ पाता। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि अस्पताल में एक दिन में केवल 12 नंबर ही लिए जाते हैं। वहीं यदि किसी कारणवश मरीज का नंबर छूट जाए तो अगले दिन दोबारा जांच नहीं की जाती, जिससे गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। परिजनों का आरोप है कि लंबे इंतजार और अव्यवस्था के कारण मजबूरी में उन्हें प्राइवेट अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है, जहां जांच और दवाइयों में लगभग ?3000 तक खर्च हो जाता है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। अब इसमें खेल क्या है आप ओर हम समझ ही रहे होंगे। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि सरकारी अस्पताल की बदहाल व्यवस्था का सीधा फायदा निजी अस्पतालों को मिल रहा है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से व्यवस्था सुधारने, जांच की संख्या बढ़ाने और गर्भवती महिलाओं के लिए सुचारु सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## कलेक्टर रजनी सिंह ने मुंगवानी में गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया

**नवभारत/नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने सोमवार को विकासखंड नरसिंहपुर के ग्राम मुंगवानी में नारायण वेयर हाउस में बनाए गए गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन केंद्र में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उपार्जन केंद्र में बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता और किसानों के लिए बैठने की व्यवस्था लगातार बनी रहे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने हम्मालों की उपलब्धता, तौल-कांटे की व्यवस्था, टोकन प्रणाली, गोदामों में उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने बारदाने की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश जिला आपूर्ति अधिकारी को दिए।

### कलेक्टर ने ग्राम पंचायत प्रभारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने 13 मई को नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में ग्राम पंचायत प्रभारियों को हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल तक लाने और वापस घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए ग्राम पंचायत प्रभारियों को वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम स्थल में आने वाले हितग्राहियों के वाहन पार्किंग के लिए 3 स्थलों का चयन किया गया है। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर आने वाले हितग्राहियों के लिए भोजन और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## कलेक्टर रजनी सिंह ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

**नवभारत/नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 13 मई को नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर रजनी सिंह ने सोमवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक महेन्द्र नागेश, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कार्यक्रम स्थल में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में हितग्राहियों, मीडिया एवं नागरिकों के लिए समुचित बैठक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वाहन पार्किंग स्थल, चिकित्सा दल, प्रदर्शनी स्थल, फायर बिग्रेड, पेयजल प्रबंध, शौचालय की व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम की तैयारियां समय सीमा में पूर्ण की जाएं, जिससे कार्यक्रम का संचालन सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से हो सके।



## प्रशासन जागा, महाकाल चौराहा, बायपास रोड, लड़ाइयां नाले के खतरनाक गड्ढों की मरम्मत शुरू

**नवभारत/ गाडरवारा।** महाकाल चौराहा बायपास रोड स्थित लड़ाइयां नाले पर बने खतरनाक गड्ढों को लेकर लगातार सामने आ रही शिकायतों और समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। लंबे समय से लड़ाइयां नाले के किनारे बड़े गड्ढे हो गए थे सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, वहीं हादसे का खतरा भी बना हुआ था। मामले को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद संबंधित विभाग ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया है। सड़क पर गिट्टी और मुरम डालकर गड्ढों को भरा जा रहा है, जिससे आवागमन सुचारु होने की उम्मीद है। स्थानीय नागरिकों ने कार्यवाही पर संतोष जताते हुए कहा कि समय रहते सुधार कार्य शुरू होना आवश्यक था। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि केवल अस्थायी मरम्मत नहीं बल्कि सड़क का स्थायी एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में दोबारा ऐसी स्थिति निर्मित न हो।

# मां सुखी परिवार की आधारशिला : प्रीति दीदी

**नवभारत/ तेंदूखेडा** विगत दिवस मदर्स डे के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय सेवाकेंद्र तेंदूखेड़ा में मातृशक्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए नई पीढ़ी को माँ के महत्व से अवगत कराया गया। ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने कहा कि माँ ईश्वर के द्वारा दिया गया अमूल्य उपहार है। माँ नहीं होती तो संसार नहीं होता। माँ जननी है पालनकर्ता है तथा बच्चों में श्रेष्ठ संस्कार भरकर उन्हें योग्य बनाने वाली प्रथम गुरु होती है। माँ की गोद बच्चों के लिए शीतल छत्रछाया के समान है।जहाँ बच्चा अपने सभी दुख दर्द भूल जाता है। माँ अपना सुख दुख सर्दी गर्मी रात दिन सब कुछ त्याग कर परिवार को सुखी बनाने के लिए जीवन समर्पित कर देती है। ऐसी माँ का ध्यान रखना पूरे परिवार का कर्तव्य है तथा उनका सदैव सम्मान करना चाहिए। परिवार कि जिम्मेदारी संभालते हुए तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए दीदी राजयोग मेडिटेशन का सभी को अभ्यास करवाया और बताया कि राजयोग हमारा मनोबल ब ?ता है जिससे हम सहज ही समस्याओं मे संयमित जीवन जीने की कला सीख जाते है।इस मौके पर श्रीमती रत्ना साहू निशा शर्मा और मधु बहन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए मां को ही सुखी परिवार की आधारशिला बताया। सेवा केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 100 से भी अधिक मातृशक्तियों का तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ भेंट कर जय माता दी पट्टी पहना कर सम्मान किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तथा माताओं के लिए विशेष वेल्यू गेम्स आयोजित किए गए। जिसमें मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने माँ की महिमा पर आधारित गीत एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। सभी माताओं को ईश्वरीय सौगात एवं प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन बीके ज्योति दीदी ने किया तथा आभार व्यक्त बीके पुरुषोत्तम भाई ने किया।





## कार्यालय नगरपालिका परिषद गोटेगांव जिला नरसिंहपुर म.प्र.

क्रमांक 109/न.पा./2026 गोटेगांव, दिनांक :- 11/05/2026

### नामांतरण इश्तहार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिपद गोटेगांव जिला नरसिंहपुर क्षेत्रांतर्गत निम्नानुसार व्यक्तियों के द्वारा भवन/प्लॉट के नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं इस नामांतरण में यदि किसी भी पक्षकार को कोई आपत्ति व एतराज हो तो वह स्वयं या अपने अभिभावन के माध्यम से 20 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रमाणों सहित प्रस्तुत कर सकेगा। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्रं. | प्र. क्रं. | हस्तांतरकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | वार्ड | खसरा/ मकान नं. | संपत्ति का विवरण | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 09 | श्रीमति वैनी बाई सोनी w/o श्री पुरूषोत्तम सोनी | श्री शिवकुमार सोनी आ. श्री पुरूषोत्तम सोनी | देव मुरलीधर वार्ड | 281/13 | 16x70 = 1120 वर्गफुट प्लाट | वसीयतनामा न्यायालय आदेश मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 2. | 10 | श्री माखन चौरसिया आ. महेश प्रसाद | श्री आशीष कुमार खरया आ. रविकांत खरया | देव मुरलीधर वार्ड | 280/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1 /1/1 | 30x50 = 1500 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 3. | 11 | श्रीमति स्वात्ति चौरसिया w/o श्री नारायण प्रसाद चौरसिया | श्री आशुतोष जैन आ. अशोक कुमार जैन | हरदौल वार्ड | 154/1/4/2 | 20x80 = 1600 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 4. | 12 | श्रीमति मांडवी तिवारी w/o श्री स्वपनिल तिवारी | श्रीमति स्वाति जैन w/o श्री अंशुल जैन | हरदौल वार्ड | 154/1/5/2 | 20x80 = 1600 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 5. | 13 | श्रीमति मांडवी तिवारी w/o श्री स्वपनिल तिवारी | श्रीमति अनीता जैन w/o श्री कपिल कुमार जैन | हरदौल वार्ड | 154/1/5/2 | 20x80 = 1600 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 6. | 14 | श्रीमति स्वात्ति चौरसिया w/o श्री नारायण प्रसाद चौरसिया | श्री पियूष जैन आ. श्री खूबचंद जैन | हरदौल वार्ड | 154/1/4/2 | 30x80 = 2400 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 7. | 15 | श्रीमति स्वात्ति चौरसिया w/o श्री नारायण प्रसाद चौरसिया | श्री पराग जैन आ. श्री विनोद कुमार जैन | हरदौल वार्ड | 154/1/4/2 | 20x80 = 1600 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 8. | 16 | श्री प्रकाश चंद जायसवाल आ. ताराचंद जायसवाल | श्रीमति अंजू चौकसे w/o श्री सुरेश चौकसे | कॉमथ वार्ड | 263/1/2/3/1 | 1571 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 9. | 17 | श्री दिनेश अवस्थी आ. श्री त्रिभुवन अवस्थी | श्रीमति मनीषा तिवारी w/o श्री सत्यनारायण तिवारी | देव मुरलीधर वार्ड | 281/1/1/1/1 | 40x100 = 4000 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 10. | 18 | श्री दिनेश अवस्थी आ. श्री त्रिभुवन अवस्थी | श्री सत्यनारायण तिवारी आ. श्री हरनारायण तिवारी | देव मुरलीधर वार्ड | 281/1/1 | 60x100 = 6000 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 11. | 19 | श्रीमति गनेशी बाई मेहरा w/o श्री गोपाल मेहरा श्री गोविंद मेहरा आ. श्री गोपाल मेहरा श्रीमति भागवती मेहरा / गोपाल प्रसाद श्रीमति ओमवती मेहरा / गोपाल मेहरा | श्री प्रियांशु मेहरा आ. श्री गोविंद सिंह मेहरा | देव मुरलीधर वार्ड | 280/17 | 15x40 = 600 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद गोटेगांव**
**जिला नरसिंहपुर म.प्र.**